राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने धानक्या स्थित राष्ट्रीय स्मारक स्थल पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

राज्यपाल ने कहा, पंडित जी ने एकात्म मानववाद की मौलिक विचार दृष्टि ही हमें नहीं दी बल्कि अंत्योदय के विचारों से जन जन को जोड़ा—राज्यपाल

जयपुर, 25 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को धानक्या पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के धानक्या स्थित राष्ट्रीय स्मारक स्थल पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने बाद में वहां पर पंडित जी के जीवन से जुड़ी स्मृतियों के संग्रहालय का भी अवलोकन किया और कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन आदर्श का आलोक था।

श्री बागडे ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने युगीन संदर्भों में भारतीय सनातन संस्कृति को आधुनिक दृष्टि दी। उन्होंने पंडित जी के साथ की यादें भी साझा की और कहा कि उनका सान्निध्य किसी महा मानव के समीप रहने की अनुभूति है।

राज्यपाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकात्म मानववाद की मौलिक विचार दृष्टि ही हमें नहीं दी बल्कि अंत्योदय के विचारों और शिक्षाओं से आम जन के कल्याण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुंबई में पंडित जी के सान्निध्य को याद करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल जी की कथनी और करनी एक थी। वह विराट मानवीय दृष्टि के युगपुरुष थे।

राजस्थान धरोहर बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

————

जयंती के अवसर पर आयोजित
सभा
राजनीति में आदर्श के प्रणेता
जीवन का अन्त : प्रकाश का उदय

गोमाता मंत्र
सर्वकामदुघे देवि
सर्वतीर्थीभिषेचिनि।।
पावने सुरभि श्रेष्ठे देवि तुभ्यं
नमोस्तुते।।

SHRI KALYAN HIGH SCHOOL
SIKAR 1929
श्री कल्याण हाई स्कूल
दसवीं बोर्ड में स्वर्ण पदक सम्मान